17वीं लोक सभा का बारहवां सत्र सम्पन्न हुआ

...

सत्र के दौरान लोक सभा की 17 बैठकें हुईं, जो 44 घंटे और 15 मिनट तक चलीं: लोक सभा अध्यक्ष

...

मंत्रिपरिषद में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा 19 घंटे 59 मिनट तक चली: लोक सभा अध्यक्ष

...

अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में 60 सदस्यों ने भाग लिया और प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ: लोक सभा अध्यक्ष

...

लोक सभा में 20 सरकारी विधेयक पेश किए गए और 22 विधेयक पारित किए गए: लोक सभा अध्यक्ष

...

लोक सभा की उत्पादकता 45 प्रतिशत रही: लोक सभा अध्यक्ष

...

लोक सभा की विभागों से सम्बद्ध स्थायी समितियों ने 65 प्रतिवेदन प्रस्तुत किए: लोक सभा अध्यक्ष

...

नई दिल्ली, 11 अगस्त, 2023: 17वीं लोक सभा का बारहवां सत्र, जो 20 जुलाई, 2023 को आरंभ हुआ था, आज सम्पन्न हुआ।

सभा में हुए कार्य के संबंध में, लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने सूचित किया कि 20 जुलाई, 2023 को शुरू हुए सत्र में 17 बैठकें हुईं जो लगभग 44 घंटे 15 मिनट तक चलीं।

श्री बिरला ने बताया कि सांसद, श्री गौरव गोगोई, द्वारा पेश किए गए मंत्रिपरिषद में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा 8 अगस्त, 2023 को शुरू हुई और 10 अगस्त, 2023 को प्रधान मंत्री के उत्तर के साथ समाप्त हुई। यह चर्चा 19 घंटे 59 मिनट चली और इस चर्चा में 60 सदस्यों ने भाग लिया। श्री बिरला ने आगे बताया कि यह प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ।

श्री बिरला ने यह भी बताया कि सत्र के दौरान 20 सरकारी विधेयक पेश किये गये और 22 विधेयक पारित किये गये।

उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान 50 तारांकित प्रश्नों का मौखिक उत्तर दिया गया। 9 अगस्त, 2023 को कार्यवाही में सूचीबद्ध सभी 20 तारांकित प्रश्नों का उत्तर मौखिक रूप से दिया गया। साथ ही, नियम 377 के तहत कुल 361 मामले उठाए गए।

अध्यक्ष महोदय ने सदन का ध्यान आकृष्ट किया कि लोक सभा की विभागों से सम्बद्ध स्थायी समितियों ने 65 प्रतिवेदन प्रस्तुत किए । सत्र के दौरान, निदेश 73क के अधीन 45 वक्तव्य दिए गए और संसदीय कार्य के संबंध में संसदीय कार्य मंत्री द्वारा दिए गए तीन वक्तव्यों सहित कुल 50 वक्तव्य दिए गए।

अध्यक्ष महोदय ने सभा को बताया कि कुल 1209 पत्रों को सदन के पटल पर रखा गया ।

17वीं लोक सभा के बारहवें सत्र के दौरान सभा की उत्पादकता 45 प्रतिशत रही।